## कार्यालय वनमंडलाधिकारी बुरहानपुर सामान्य वनमंडल बुरहानपुर म.प्र.

**क्रमांक/मा.चि./2017/** 1559 **बुरहानपुर दिनांक /**

Tel. No - 07325-251280, Fax -252305 EMail - dfotbpur@mp.gov.in

27 JUN 2017

प्रति,

कार्यपालन यंत्री,
जल संसाधन संभाग,
बुरहानपुर

**विषय :— बुरहानपुर जिले के अंतर्गत भावसा मध्यम सिंचाई तालाबा निर्माण हेतु 275.04 हे. वनभूमि जल संसाधन संभाग बुरहानपुर को उपयोग पर देने बाबत।**

**संदर्भ :— आपका पत्र क्र./1889 दिनांक 19.06.2017**

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से आपके द्वारा भावसा मध्यम सिंचाई परियोजना के अंतर्गत बुरहानपुर जिले में वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु खकनार एवं बुरहानपुर तहसील के विभिन्न राजस्व ग्रामों की कुल 69.81 हे. हस्तांतरित भूमि के के.एम.एल. फाईल जिलोरेफरेन्स मेप्स, डिजिट मेप्स इत्यादि तैयार कर ऑनलाईन अपलोड कर इस कार्यालय सूचित किया गया है।

ऑनलाईन प्रकरण के अवलोकन में पाया गया कि आपके द्वारा ग्राम देड़तालाई रकबा 17.05 हे. की के.एल.एल. फाईल अपलोड की गई है, जबकि मौके पर 10.05 हे. ही भूमि ही राजस्व विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जिसके संबंध में इस कार्यालय के पत्र क्र./मा.चि./1479 दिनांक 19.06.2017 द्वारा कलेक्टर जिला बुरहानपुर को लेख कर प्रतिलिपि आपको प्रेषित की गई है, त्वरित संदर्भ हेतु छायाप्रति संलग्न है।

अतः शेष रही भूमि की उपलब्धता संबंधी आवश्यक कार्यवाही कर प्रकरण पुनः ऑनलाईन अपलोड कर इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, ताकि आगामी कार्यवाही की जा सकें।

संलग्न :— उपरोक्तानुसार

(नाहर सिंह)
वनमंडलाधिकारी
बुरहानपुर वनमंडल सा. बुरहानपुर

पृष्ठा. क्र./मा.चि./2017/ 1560 बुरहानपुर दिनांक 27 JUN 2017

प्रतिलिपि :—

1) कलेक्टर जिला बुरहानपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

वनमंडलाधिकारी
बुरहानपुर वनमंडल सा. बुरहानपुर
27/6/17

कार्यालय वनमंडलाधिकारी बुरहानपुर सामान्य वनमंडल बुरहानपुर म.प्र.

क्रमांक/मा.चि./2017/ 1479

बुरहानपुर दिनांक / 19 JUN 2017

Tel. No - 07325-251280, Fax -252305

EMail - dfotbpur@mp.gov.in

प्रति,

कलेक्टर,

जिला बुरहानपुर

**विषय :— बुरहानपुर जिले के अंतर्गत भावसा मध्यम सिंचाई तालाब निर्माण हेतु 275.04 हे. वनभूमि जल संसाधन संभाग बुरहानपुर को उपयोग पर देने बाबत।**

**संदर्भ :— आपका आदेश क्र./31 अ/59/2016—17 दिनांक 07.04.2017**

उपरोक्त विषयांकित संदर्भित आदेश के द्वारा आपने भावसा मध्यम सिंचाई परियोजना के अंतर्गत प्रभावित वनभूमि के बदले वृक्षारोपण हेतु 69.81 हे. वनभूमि वनविभाग को हस्तांतरित की गई है। उक्त आदेश में खकनार तहसील के ग्राम देड़तलाई खसरा क्र. 114/1 रकबा 17.05 हे. हस्तांतरित की गई है। प.अ. खकनार द्वारा उनके पत्र क्र./1381 दिनांक 14.06.2017 द्वारा राजस्व एवं वन विभाग का संयुक्त पंचनामा भेजकर सूचित किया है कि ग्राम देड़तलाई के खसरा क्र. 114/1 रकबा 17.05 हे. में से 10.05 हे. ही वन विभाग को हस्तांतरित की गई है। 07 हे. क्षेत्र में ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण कर मकान बनाये गये है। पंचनामा एंव पत्र की छायाप्रति संलग्न है।

संलग्न : —उपरोक्तानुसार

(नाहर सिंह)

वनमंडलाधिकारी

बुरहानपुर वनमंडल सा. बुरहानपुर

पृ. क्रमांक /नि.स./2017/— 1480

बुरहानपुर दिनांक 19 JUN 2017

प्रतिलिपि :—

1) कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, बुरहानपुर की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।

2) उपवनमंडलाधिकारी बुरहानपुर की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।

संलग्न :— उपरोक्तानुसार

वनमंडलाधिकारी

बुरहानपुर वनमंडल सा. बुरहानपुर

19.6.17

19/6/17